हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 18 मई 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा]

06 फायर फिटनेस से लेकर स्टॉक रजिस्टर की जांच की...

07 अघोषित विद्युत कटौती से नारकीय जीवन जीने को...

वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए पिंजरे, दुकानदार भी कर रहे अलर्ट

सलकनपुर धाम पहाड़ी पर तेंदुए की दहशत शाम ढलते ही पसर जाता सन्नाटा, श्रद्धालुओं में खौफ

तीन दिन पहले दंडवत यात्रा कर रहे बुजुर्ग श्रद्धालु को जंगली जानवर ने उतारा था मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सुप्रसिद्ध मां विजयासन देवी धाम सलकनपुर की पहाड़ी पर इन दिनों भारी दहशत का माहौल है। तीन दिन पहले गुरुवार सुबह दंडवत यात्रा कर दर्शन करने जा रहे एक बुजुर्ग श्रद्धालु बाबा पर जंगली जानवर (संभावित तेंदुए) के जानलेवा हमले और उनकी मौत के बाद से श्रद्धालु बेहद डरे हुए हैं। स्थिति यह है कि अब शाम ढलने के बाद श्रद्धालु पहाड़ी और मंदिर के रास्तों पर जाने से पूरी तरह कतरा रहे हैं। वन विभाग ने क्षेत्र में तेंदुए की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए पिंजरे लगा दिए हैं, वहीं स्थानीय दुकानदार भी लगातार आने-जाने वाले भक्तों को सतर्क कर रहे हैं।

गौरतलब है कि गुरुवार सुबह सलकनपुर धाम में एक हृदय विदारक घटना सामने आई थी। मां विजयासन के परम भक्त और जंगल की कुटी में रहने वाले एक बुजुर्ग बाबा रोज की तरह सुबह करीब 4 बजे दंडवत करते हुए माता के दरबार में हाजिरी लगाने जा रहे थे। इसी दौरान नागिन जोड़ के पास घात लगाकर बैठे जंगली जानवर (तेंदुए) ने उन पर अचानक हमला कर दिया। सुबह जब अन्य लोग वहां से गुजरे तो बाबा का क्षत-विक्षत शव देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही मंदिर समिति, पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शाम को स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने नम आंखों से बाबा का अंतिम संस्कार किया।

एक महीने से दे रहे थे सूचना, प्रबंधन ने किया नजरअंदाज

इस दुखद घटना को लेकर स्थानीय दुकानदारों में वन विभाग और प्रशासन के खिलाफ गहरा आक्रोश है। व्यापारियों का कहना है कि वे पिछले एक महीने से सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से लगातार वन विभाग को जंगली जानवरों की मूवमेंट की सूचना दे रहे थे कि पानी की तलाश में तेंदुए अक्सर शाम के समय मुख्य मार्ग और पानी की टंकियों के पास देखे जा रहे हैं। यदि हमारी चेतावनियों को समय रहते गंभीरता से लिया जाता तो आज एक श्रद्धालु की जान नहीं जाती।

शाम होते ही 'मंगल' करें दुकानें, अकेले न निकलें : हादसे के बाद से स्थानीय व्यापारियों ने अपनी सुरक्षा के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भी मोर्चा संभाल लिया है। दुकानदार अब पहाड़ी पर आने वाले श्रद्धालुओं को लगातार अलर्ट कर रहे हैं कि वे शाम ढलते ही सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। व्यापारियों ने आपस में भी यह निर्णय लिया है कि रात के समय कोई भी अकेला नहीं निकलेगा और शाम होते ही अपनी दुकानों को मंगल कर सुरक्षित स्थानों की ओर प्रस्थान करेंगे। वन परिक्षेत्र अधिकारी रेहटी श्रोयांश उपाध्याय ने बताया कि सलकनपुर में एक श्रद्धालु पर जानवर द्वारा हमला किया गया है। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आना बाकी है, इसलिए किस जानवर ने हमला किया, यह पूरी तरह साफ नहीं है। हालांकि पहाड़ी क्षेत्र में तेंदुए का मूवमेंट लगातार देखा जा रहा है, इसलिए तेंदुए के हमले की पूरी आशंका है। रिपोर्ट आने के बाद मुआवजे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही मंदिर समिति से चर्चा कर संवेदनशील रास्तों पर फेंसिंग लगाने का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

पहले भी हो चुके हैं भालू के हमले

बता दें सलकनपुर धाम में श्रद्धालुओं पर जंगली जानवरों के हमले की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी यहां कई बार श्रद्धालुओं पर भालू और अन्य हिंसक जानवरों के हमले हो चुके हैं। पूर्व में भी वन विभाग और मंदिर समिति से पूरे संवेदनशील रास्ते पर फेंसिंग लगाने की अपील की गई थी, लेकिन अब तक इस पर अमल नहीं हुआ। इस बड़ी लापरवाही का खामियाजा अंततः एक श्रद्धालु को अपनी जान देकर भुगतना पड़ा।

वन विभाग ने शुरू किया सर्चिंग ऑपरेशन लगाए पिंजरे

घटना के बाद हरकत में आए वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। हिंसक जानवर को पकडने के लिए पहाड़ी के संभावित रास्तों पर पिंजरे भी लगा दिए गए हैं। विभाग अब मंदिर समिति के साथ मिलकर पहाड़ी रास्तों पर फेंसिंग लगाने के प्रस्ताव पर दोबारा विचार कर रहा है।

भीषण गर्मी में झरने का लिया आनंद

रविवार को त्रिवेणी संगम पर उमड़ा पर्यटकों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

तहसील के ग्राम ताखला में तीन नदियों का संगम है। इस संगम स्थल पर लखुंदर नदी का पानी एक स्थान पर ऊंचाई से गिरता है जिसे झरना कहते है। इस भीषण गर्मी में इस स्थान पर कई पर्यटक पहुंचकर झरने में नहाने का आनंद ले रहे है। रविवार को त्रिवेणी संगम पर पर्यटकों का सैलाब दिखाई दे रहा था। तहसील के ग्राम ताखला में लखुंदर कालीसिंध व भाटन नदी का संगम स्थल है। इसी त्रिवेणी संगम पर भगवान तारकेश्वर महादेव एवं दूसरी ओर भगवान देवनारायण का मंदिर स्थित है। कुंडालिया बांध के निर्माण के बाद नदियों के पानी का दोहन कम हो जाने से इस भीषण गर्मी में भी उक्त तीनों नदियों में जल प्रवाह हो रहा है। इस त्रिवेणी संगम पर लखुंदर नदी का पानी एक स्थान पर ऊंचाई से गिरता है जो झरने का रूप लेता है। तारकेश्वर महादेव एवं देवनारायण भगवान के दर्शन करने आगर राजगढ़ शाजापुर जिले के साथ ही अन्य स्थानों से भक्त पहुंचते है। जिनमे से अधिकांश भक्त इस भीषण गर्मी में त्रिवेणी संगम विशेषकर झरने में नहाने से नहीं चूकते हैं। यहां भक्तों को जहां त्रिवेणी में स्नान करने का पुण्य लाभ तो प्राप्त होता ही है झरने में नहाने का आनंद भी मिल रहा है। विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर आने वाले धार्मिक पर्यटकों में से जिन्हें जानकारी है वे भी उक्त स्थल पर पहुंचकर पर्यटन के आनंद के साथ ही धार्मिक पुण्य भी कमा रहे है। रविवार को सिद्धपीठ पर हजारों की संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे थे इनमे से कई दर्शन उपरांत झरने का आनंद लेने भी त्रिवेणी संगम पर पहुंचे। त्रिवेणी संगम का यह झरना युवाओं को काफी आकर्षित कर रहा है। युवाओं के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी झरने का आनंद लेने पहुंच रही है। झरने का आनंद लेने पहुंच रहे नागरिकों की संख्या को देखते हुवे प्रशासन द्वारा त्रिवेणी संगम पर सुरक्षा व्यवस्था की जाना आवश्यक हो गई है।

खबर संक्षेप

एकलव्य रेड ने ब्लू को तीन विकेट से हराया

सीहोर। शहर के बीएसआई मैदान पर शनिवार से आरंभ हुई एकलव्य फैंडशिप क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ एकलव्य ब्लू और रेड के मध्य खेला गया। जिसमें रेड ने ब्लू को तीन विकेट से हराया। इस मैच में रेड की ओर से फरहान ने 37 गेंद पर 50 रन की पारी खेली। वहीं अनंत ने चार और बंधन ने तीन विकेट हासिल किए थे। इस मौके पर अकादमी के संरक्षक जगदीश कुशवाहा, अतुल कुशवाहा, चेतन मेवाड़ा, गौरव पिचोनिया आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का आयोजन जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी और कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा आदि के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि एकलव्य ब्लू की टीम ने 33.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 144 रन बनाए थे। इसमें धैर्य सिंह ठाकुर ने 102 गेंद पर 66 रन, प्रिंस शेट्टी ने 21 रन बनाए थे। इधर रेड की ओर से अनंत पेशवानी ने चार विकेट, बंधन परमार ने तीन विकेट, अभिनव राठौर दो विकेट मोहित माहेश्वरी ने एक विकेट हासिल किया।

भोपाल के युवक की लाड़कुई के सिंहपुर मार्ग पर लाश मिली

भैरूंदा। थाना भैरूंदा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लाड़कुई चौकी के सिंहपुर मार्ग पर एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान भोपाल के हबीबगंज निवासी 32 वर्षीय दिनेश बरेला के रूप में हुई है, जो अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए भैरूंदा के नाबलगांव आया हुआ था। घटना के बाद से पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, दिनेश बरेला बीते एक-दो दिनों से नाबलगांव में आयोजित शादी समारोह में शामिल था। सूत्रों के मुताबिक, बारात के दौरान शराब पार्टी भी हुई थी, जिसमें मृतक के शामिल होने की बात सामने आई है। इसी बीच अगले दिन सुबह उसका शव सिंहपुर मार्ग पर सड़क किनारे पड़ा मिला। राहगीरों ने जब शव देखा तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।

सनातनी वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन पहुंचे मां बगलामुखी मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रदेश के धार स्थित भोजशाला के साथ देश के हिंदू धर्म स्थलों के लिए न्यायालय में पैरवी करने वाले सनातनी वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन न्यायालय द्वारा भोजशाला को लेकर सुनाए गए फैसले के बाद बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर विशेष हवन अनुष्ठान किया गया। मंदिर आगमन पर उनका मंदिर के मुख्य पुजारी के साथ अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कर सम्मान किया गया। धार भोजशाला के आए ऐतिहासिक फैसले के बाद सनातनी वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ माता बगलामुखी मंदिर पर शनिवार को पहुंचे। जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में विशेष हवन अनुष्ठान भी किया गया।

अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन देश के कई धार्मिक स्थलों जिसमें काशी विश्वनाथ,संभल,ज्ञानव्यापी, मथुरा, धार स्थित भोजशाला ओर अन्य धार्मिक सनातनी स्थल के लिए न्यायालय में पैरवी कर रहे हैं। जिसमें धार स्थित भोजशाला का फैसला न्यायालय द्वारा शुक्रवार को सुनाया गया है। इस मामले में मप्र हाईकोर्ट द्वारा अपने फैसले में भोजशाला को वाग्देवी मंदिर माना गया है।

पारा 44.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

सीहोर। जिले में मई के तीसरे सप्ताह में भीषण गर्मी का दौर जारी है। पिछले 24 घंटों में जिले का अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, राजस्थान की ओर से आ रही गर्म हवा के कारण सीहोर में तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। लगातार चल रही गर्म हवा और लू के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है और दिन के समय सड़कें पूरी तरह सूनी नजर आईं। तेज धूप के कारण सुबह 11 बजे के बाद से ही बाजारों में सन्नाटा छा जाता है। अत्यधिक तापमान के कारण अस्पतालों में डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक और अन्य मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों और डॉक्टरों ने आम लोगों को दोपहर के समय अति आवश्यक कार्य न होने पर घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

प्रेरणादायक और सराहनीय पहल

पक्षियों के लिए पानी के रखे पात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

तितली सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा बढ़ती गर्मी एवं भीषण तापमान को देखते हुए पक्षियों के संरक्षण के लिए एक प्रेरणादायक एवं सराहनीय पहल की गई। संस्था की टीम ने रणकेश्वर शिव धाम मंदिर मक्सी रोड उज्जैन के परिसर में 100 से अधिक पक्षियों के लिए पानी के पात्र रखे एवं वितरित किए। गर्मी के मौसम में लगातार बढ़ते तापमान के कारण पक्षियों को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कई पक्षी पानी की कमी के चलते परेशान हो रहे हैं।

इसी संवेदनशील विषय को ध्यान में रखते हुए तितली सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा यह अभियान चलाया गया, ताकि पक्षियों को राहत मिल सके और समाज में जीव-जंतुओं के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। संस्था के सदस्यों ने मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में भी लोगों को पक्षियों के लिए पानी रखने के लिए प्रेरित किया। टीम के सदस्यों ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने घर, छत, बालकनी या मोहल्ले में एक पानी का पात्र रखे तो गर्मी के दिनों में हजारों पक्षियों की प्यास बुझाई जा सकती है। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज सेवा के साथ-साथ पर्यावरण एवं जीव संरक्षण भी सभी की जिम्मेदारी है। संस्था आगे भी इसी प्रकार के जनजागरूकता एवं सेवा कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान संस्था के कई सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

अज्ञात बदमाशों ने मकान पर बोला धावा

सोने चांदी के आभूषण सहित एलईडी पर किया हाथ साफ

नलखेड़ा। नगर के शिवाजी चौराहे के समीप दाल मिल परिसर स्थित एक मकान पर अज्ञात चोरों द्वारा धावा बोलते हुए वहां से एलइडी टीवी सहित, सोने और चांदी के आभूषण व अन्य सामान माल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस द्वारा मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। नगर के दाल मिल परिसर के निवासी निलेशकुमार मानकचंद जैन पांडिया ने पुलिस थाने पर की गई शिकायत में बताया कि उनका मकान दाल मिल परिसर में स्थित है। शनिवार रात्रि 11:00 बजे परिवार के सभी सदस्य भोजन के पश्चात मकान की ऊपरी मंजिल पर सोने के लिए चले गए थे। रविवार सुबह 6:00 बजे उठकर जब नीचे आए तो देखा कि दरवाजे का नकुचा टूटा हुआ था। इस पर मैंने घर का सामान संभाला तो देखा कि एक 40 इंच की एलइडी टीवी, सोने के तीन अंगूठी, चांदी का कलश, सोने के कान के टॉप्स पुराने, पुरानी खेरची चांदी कोई अज्ञात बदमाश रात में दरवाजे का नकुचा तोड़कर अंदर घर में घुसकर चोरी कर ले गए। फरियादी ने पुलिस में की गई रिपोर्ट में बताया कि यह घटना 17 मई रात्रि 2:00 बजे से 3:30 बजे के बीच की है। उन्होंने बताया कि चोरी गया सामान सामने आने पर उसकी पहचान कर लेंगे। पुलिस ने चोरी के इस मामले में प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

3 साल में पहली बार ऐसा, आठ दिन पहले ही टूटा गेहूं खरीदी का रिकॉर्ड

सीहोर। सीहोर जिला में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। भले ही खरीदी प्रक्रिया इस बार देरी से शुरू हुई हो, लेकिन इसके बावजूद जिले में पिछले तीन वर्षों के सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं। खरीदी समाप्त होने में अभी 8 दिन शेष हैं और शुक्रवार तक ही जिले में 6 लाख 44 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। प्रशासन ने इस बार 7 लाख मीट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य रखा है, जिसे पूरा होने की पूरी संभावना दिखाई दे रही है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए जिले के 1 लाख 2 हजार 485 किसानों ने पंजीयन कराया था। शुक्रवार तक 80 हजार 774 किसानों से 6 लाख 44 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है।

जिले के कृषकों ने ग्रीष्मकाल में अपनाई तिल व उड़द की अतिरिक्त फसल

नलखेड़ा। कलेक्टर प्रीति यादव के मार्गदर्शन में कृषक कल्याण वर्ष 2026ह्व के अंतर्गत जिले में संचालित कृषि रथों के माध्यम से किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी जा रही है। जिले में वर्तमान में 4 कृषि रथ संचालित होकर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं, जहां तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा किसानों को कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने एवं आय बढ़ाने के उपाय बताए जा रहे हैं। रविवार को कृषि रथ विकासखंड आगर के सेमली, पिपलिया कुमार एवं पचोरा, विखं बड़ौद के गुराड़िया बड़ौद, लोधाखेड़ी एवं गरबड़ा, विखं सुसनेर के पालड़ा, मैना एवं देहरिया सोयत तथा विखं नलखेड़ा के ढाबला सोनगरा, भण्डावद एवं बेरछाखेड़ी ग्रामों में पहुंचा। यहां वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों की टीम ने किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने, फसल विविधिकरण अपनाने तथा कृषि आय दोगुनी करने संबंधी तकनीकी जानकारी प्रदान की। कृषि रथ के साथ उपस्थित वैज्ञानिक, उद्यानिकी अधिकारी, पशुपालन अधिकारी एवं कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों को ई-विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण हेतु टोकन जनरेट करने, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा परीक्षण, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, नरवाई प्रबंधन तथा फसल विविधिकरण की जानकारी दी गई। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता कर लाभ उठाया। जिले की 12 पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में सैंकड़ों कृषक शामिल हुए। विकासखंड नलखेड़ा के ग्राम भण्डावद में आयोजित कृषि रथ परिचर्चा एवं संवाद कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर.पी.एस. शक्तावत ने खरीफ फसलों में रोग, कीट एवं पोषण प्रबंधन की तकनीकी जानकारी देते हुए किसानों को नवीन उन्नत किस्मों को अपनाने की सलाह दी, जिससे अधिक उत्पादन एवं लाभ प्राप्त किया जा सके। उपसंचालक कृषि विजय चौरसिया ने किसानों से कृषि विविधिकरण अपनाने का आह्वान करते हुए पशुपालन, मुर्गी पालन, पुष्प उत्पादन एवं फल उत्पादन जैसी गतिविधियों को कृषि के साथ जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसान उपज का उचित भंडारण, संसाधन एवं प्रसंस्करण कर अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि 18 मई को कृषि रथ विखं आगर के थड़ौदा, ठिकरिया एवं शिवगढ़, विखं बड़ौद के गरबड़ा, सिंगलिया एवं सुदवास, विखं सुसनेर के कंठालिया खेड़ा, लोहारिया एवं पायली तथा विख नलखेड़ा के कचनारिया, कुशलपुरा एवं पिपलिया सेत पंचायतों में पहुंचेगा।

नालसा आशा योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला

बाल विवाह की रोकथाम हेतु सभी विभागों के द्वारा प्रभावी प्रयास किए जाने चाहिएः न्यायाधीश चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित नालसा आशा योजना 2025 के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगर-मालवा एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी, आगर-मालवा के संयुक्त तत्वावधान में 15 मई को जिला न्यायालय परिसर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर-मालवा डी.एस. चौहान, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीतिराज सिंह सिसौदिया तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अश्विनी सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री चौहान ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह की रोकथाम हेतु सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रभावी प्रयास किए जाने चाहिए। वहीं प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीतिराज सिंह सिसौदिया ने आगर-मालवा क्षेत्र में बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अश्विनी सिंह द्वारा नालसा आशा (जागरूकता, समर्थन, सहायता एवं कार्रवाई) मानक संचालन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बाल विवाह की रोकथाम में आने वाली समस्याओं एवं सुझावों पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों, पैनल अधिवक्ताओं तथा पैरा लीगल वालेंटियर्स के साथ चर्चा भी की गई। कार्यशाला में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी, आगर-मालवा के प्रोजेक्ट मैनेजर नरेंद्र व्यास द्वारा बाल अधिकार एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम विषय पर पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से जानकारी दी गई।

खबर संक्षेप

प्रदेश अध्यक्ष अहिरवार का स्वागत किया

देवास। मध्यप्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश शासन के पूर्व राज्य मंत्री प्रदीप अहिरवार के भोपाल से इंदौर जाते समय देवास में अल्प प्रवास के दौरान न्यू देवास गेट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। पूर्व मध्य प्रदेश संयोजक कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग संजय रेकवाल एवं जिला कांग्रेस कमेटी देवास के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत के बाद संगठन की मजबूती तथा अनुसूचित जाति समाज के हितों को लेकर सार्थक चर्चा भी हुई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रतीक शास्त्री, जयप्रकाश मालवीय, आयन शाहा, डॉ. मुन्ना सरकार, कमल चौहान, फैजान पठान, शाहिद अली सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूर्व म.प्र. संयोजक संजय रेकवाल ने कहा कि प्रदीप अहिरवार का देवास आगमन गौरव का विषय है।

प्रशासनिक लापरवाही पर उठे सवाल

देवास। औद्योगिक क्षेत्र टोंककला स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में मृत श्रमिकों की आत्मा की शांति के लिए श्रमिक समस्या समाधान केंद्र पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में श्रमिक संगठनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दिवंगत श्रमिकों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के जिला अध्यक्ष महेश राजपूत, वरिष्ठ अधिवक्ता बाबूलाल नागर तथा इंजीनियरिंग मजदूर सेवा संघ के जिला अध्यक्ष राम गुर्जर ने संयुक्त रूप से कहा कि पटाखा फैक्ट्री हादसे में प्रशासनिक कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था खराब थी।

पटाखी फैक्टरी ब्लास्ट के बाद प्रशासन ने पटाखा दुकानें और गोदाम किए सील

फायर फिटनेस से लेकर स्टॉक रजिस्टर की जांच की, उल्लंघन करने पर की कार्रवाई

शहर-गांव की दुकानों में निरीक्षण कर 10 गोदाम और आधा दर्जन से ज्यादा पटाखा दुकानें सील।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के टोंककलां के पास हुए पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। संभावित हादसों को रोकने और सुरक्षा मानकों की जांच के लिए रविवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पटाखा दुकानों और गोदामों पर व्यापक जांच अभियान चलाया गया। रविवार सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चली कार्रवाई में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर आधा दर्जन से अधिक दुकानों और करीब 10 गोदामों को सील कर दिया गया। तहसीलदार सपना शर्मा ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर अलग-अलग टीमें गठित कर जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान लाइसेंस, फायर फिटनेस, इलेक्ट्रिक फिटनेस, बिल्डिंग फिटनेस, स्टॉक रजिस्टर और सुरक्षा मानकों की जांच की गई। जहां भी नियमों का उल्लंघन मिला, वहां तत्काल सीलिंग की कार्रवाई की गई।

आबादी वाले क्षेत्र में चल रही दुकान सील

शहर में नायब तहसीलदार पूजा भाटी की टीम ने तीन बत्ती चौराहे क्षेत्र की पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया। दो दुकानों के दस्तावेज और लाइसेंस सही पाए गए, लेकिन मालवा पटाखा दुकान में करीब 25 किलो से अधिक पटाखों का स्टॉक मिला। दुकान के सामने बिजली की डीपी होने से बड़ा हादसा होने की आशंका जताई गई, जिसके बाद दुकान को तत्काल सील कर दिया गया।

बिना लेबल के पटाखे बरामद

नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर ने शिप्रा क्षेत्र में चारभुजा पटाखा दुकान की जांच की। यहां स्टॉक रजिस्टर, इलेक्ट्रिक फिटनेस, फायर फिटनेस और बिल्डिंग फिटनेस से संबंधित जरूरी दस्तावेज नहीं मिले। साथ ही कुछ बिना लेबल वाले पटाखे भी बरामद हुए। अनियमितताओं के चलते दुकान को सील कर दिया गया।

10 गोदामों पर प्रशासन का ताला

ग्रामीण क्षेत्रों में गदूखेड़ी, सिंगावदा, नागूखेड़ी, अमोना, जामगोद और शिप्रा क्षेत्र में कई पटाखा गोदामों पर कार्रवाई की गई। प्रशासन ने बीके फायर वर्क्स, एशियन फायर वर्क्स, बालाजी ट्रेडर्स, मालवा फायर वर्क्स, बुरहानी फायर वर्क्स, मांगीलाल छगनीराम फायर वर्क्स, चारभूजा फायर वर्क्स, श्री गंगा फायर वर्क्स, नोबल फायर वर्क्स और ताहेरी फायर वर्क्स सहित कई प्रतिष्ठानों के गोदाम सील किए।

भूसे के बीच रखा मिला पटाखों का स्टॉक

शिप्रा क्षेत्र की एक दुकान में गंभीर लापरवाही सामने आई। दुकान और गोदाम का लाइसेंस होने के बावजूद परिसर में भारी मात्रा में भूसा भरा मिला और उसी के बीच पटाखों का भंडारण किया जा रहा था। प्रशासन ने इसे सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन मानते हुए संबंधित लाइसेंस निरस्त करने के लिए प्रतिवेदन भेज दिया है। टोंककलां हादसे के बाद लगातार हो रही कार्रवाई से पटाखा कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों पर अब सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

511 पात्रों में सामूहिक अग्निहोत्र यज्ञ संपन्न

जैविक जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण और आधुनिक जीवनशैली के बीच प्रकृति संरक्षण का संदेश देने हेतु सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कांटाफोड़ में सामूहिक अग्निहोत्र यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 511 पात्रों में सामूहिक अग्निहोत्र यज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बताया गया कि माधव आश्रम भोपाल द्वारा वर्ष 1963 से अग्निहोत्र यज्ञ का प्रचार-प्रसार प्रारंभ किया गया था और आज यह विश्व के 100 से अधिक देशों तक पहुंच चुका है। मात्र दो आहुतियों से सम्पन्न होने वाला यह यज्ञ आज के व्यस्त जीवन में मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और पर्यावरण शुद्धि का सरल माध्यम बन रहा है। कार्यक्रम में माधव आश्रम भोपाल की संचालिका नलिनी ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए अग्निहोत्र यज्ञ के महत्व, उसके वैज्ञानिक पक्ष एवं मानव जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित अग्निहोत्र से वातावरण शुद्ध होता है तथा व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति और आनंद का संचार होता है। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि आयोजन में पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा गया। भोजन व्यवस्था में जैविक खाद्य सामग्री का उपयोग किया गया तथा खाखरे के दोने-पत्तल, पानी के लिए कागज के ग्लास एवं मिट्टी के लोटों का उपयोग कर प्लास्टिक मुक्त आयोजन का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने अपने-अपने परिवार में प्रतिदिन अग्निहोत्र यज्ञ करने एवं जैविक कृषि को अपनाने का संकल्प भी लिया। यह आयोजन जन अभियान परिषद, नामांकुर समिति, श्री दीप ज्योति सामाजिक लोक कल्याण समिति एवं विभिन्न सेक्टर समितियों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संस्कृति एवं जैविक जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में संदेश दिया।

प्याज से भरा मिनी ट्रक पलटने से तीन की मौत, दो घायल

देवास। जिले के पीपलरावा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक सडक़ हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई। चौबाराधारा के पास बेरखेड़ी फाटे के पास प्याज से भरा एक मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में दो अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सोनकच्छ के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, हादसा यू-टर्न पर हुआ, जहां वाहन असंतुलित होकर पलट गया। मिनी ट्रक में मजदूर प्याज की बोरियों के साथ पीछे बैठे थे। ट्रक पलटते ही वे बोरियों के नीचे दब गए। हादसे की सूचना मिलते ही पीपलरावा पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य शुरू किया गया।

प्राचार्य भंडोले का सम्मानपूर्वक विदाई समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करनावद के प्राचार्य एवं बागली के पूर्व बीईओ तथा आहरण संवितरण अधिकारी नारायण भंडोले के 39 वर्षों की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर संकुल पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमलापुर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अनंत नागर ने की।

भंडोले ने अपने सेवाकाल का अधिकांश समय लगभग कमलापुर संकुल में बिताया। उनकी कार्यशैली, ईमानदारी और समयपालन के कारण लोग उन्हें "कमलापुर वाले" के नाम से पहचानते थे। कार्यक्रम में संकुल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, चिंतेश दुबे, मोइनुद्दीन कुरैशी, मोहन मुहाल, छगन सारण, जबर सिंह कश्यप, शोभा दुबे, रेखा जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामचंद्र जाट ने किया तथा आभार प्रदर्शन पंकज पाटीदार ने माना।

चांदी आयात प्रतिबंध पर जेडीडब्ल्यूए ने जताई चिंता छोटे सराफा व्यापारियों के हितों की सुरक्षा की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन (जेडीडब्ल्यूए) ने भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत महानिदेशालय विदेशी व्यापार (डीजीएफटी) द्वारा जारी नोटिफिकेशन के तहत चांदी (सिल्वर बार्स) के आयात को "फ्री " श्रेणी से रस्ट्रिक्टड श्रेणी में किए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। संगठन अध्यक्ष संजय जैन एवं सचिव संतोष सराफ ने कहा कि विदेशी मुद्रा संरक्षण एवं आयात संतुलन बनाए रखना सरकार का अधिकार है, किंतु ऐसी नीतियों का प्रतिकूल प्रभाव छोटे एवं पारंपरिक सराफा व्यापारियों, कारीगरों तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ना चाहिए। जेडीडब्लूयुए के अनुसार भारत में चांदी केवल व्यापारिक वस्तु नहीं, बल्कि ग्रामीण एवं आदिवासी समाज की सांस्कृतिक, पारंपरिक एवं आर्थिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। विशेष रूप से मध्य भारत, आदिवासी क्षेत्रों एवं ग्रामीण बाजारों में चांदी आभूषणों का व्यापक उपयोग होता है। संगठन का कहना है कि यदि आयात प्रतिबंधों के कारण चांदी की उपलब्धता प्रभावित होती है या कीमतों में असामान्य वृद्धि होती है, तो इसका सीधा असर छोटे ज्वेलर्स, हस्तशिल्प कारीगरों और आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। संगठन ने आशंका जताई कि यदि आयात व्यवस्था केवल बड़े आयातकों एवं कॉर्पोरेट ट्रेडिंग संस्थानों तक सीमित हो गई, तो बाजार में असंतुलन और एकाधिकार जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे छोटे सराफा व्यापारियों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता कमजोर होगी। जेडीडब्लूयुए ने केंद्र सरकार से मांग की है कि छोटे एवं एमएसएमई श्रेणी के सराफा व्यापारियों के लिए अलग सिल्वर इम्पोर्ट कोटा निर्धारित किया जाए तथा छोटे ज्वेलर्स हेतु सरल एवं पारदर्शी अनुमति प्रक्रिया लागू की जाए। साथ ही ग्रामीण, पारंपरिक एवं आदिवासी चांदी आभूषण उद्योग को विशेष संरक्षण देने, बाजार में कॉर्पोरेट मोनोपॉली रोकने के लिए संतुलित आयात वितरण व्यवस्था बनाने तथा नोटिफिकेशन में उल्लेखित "पालिसी कंडीशन नं. 7" को सार्वजनिक एवं स्पष्ट करने की मांग भी की गई है। संगठन ने कहा कि वर्तमान में छोटे सराफा व्यापारी पहले से ही जीएसटी अनुपालन, हॉलमार्किंग , बढ़ती लागत, बैंकिंग प्रतिबंधों एवं बाजार मंदी जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में यदि कच्चे माल की उपलब्धता प्रभावित होती है और कीमतें बढ़ती हैं, तो इसका सबसे अधिक असर छोटे व्यापारियों एवं कारीगर वर्ग पर पड़ेगा। अंत में जेडीडब्लूयुए ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि छोटे ज्वेलर्स, पारंपरिक कारीगरों एवं ग्रामीण सराफा उद्योग के हितों की रक्षा के लिए तत्काल संवाद प्रक्रिया प्रारंभ कर व्यावहारिक समाधान निकाला जाए।

सांसद निधि से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम पंचायत मोखाप्पिल्या में सांसद निधि से निर्मित नवनिर्मित सामुदायिक भवन का रविवार को लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बहादुर सिंह सेंधव, जनपद सदस्य संगीता राजेश दुग्गड एवं सरपंच जितेंद्र सिंह दरबार की उपस्थिति में भवन का शुभारंभ किया गया।सरपंच जितेंद्र सिंह दरबार ने बताया कि क्षेत्रीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल द्वारा सांसद निधि से 5 लाख रुपये की राशि सामुदायिक भवन निर्माण के लिए स्वीकृत की गई थी। उक्त राशि से भवन का निर्माण कराया गया है, जिससे ग्रामवासियों को विभिन्न सामाजिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों में सुविधा मिलेगी।पंचायत भवन परिसर के समीप आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक मुरली भंवरा ने विधायक निधि से गांव में सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये देने का आश्वासन भी दिया।इस अवसर पर पंचायत सचिव शोभालसिंह भार्गव, रोजगार सहायक सचिव मोहन जाट सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत की ओर से सभी अतिथियों का साफा बांधकर स्वागत किया गया।

जल गंगा संवर्धन अभियानः प्राचीन बावड़ियों की सफाई कर जल संरक्षण का संकल्प लिया

महापौर निगमायुक्त और रहवासियों ने मिलकर श्रमदान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में जल स्त्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता को लेकर नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे "जल गंगा संवर्धन अभियान" के तहत शनिवार को शहर की प्राचीन बावड़ियों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत शनिवार को वार्ड क्रमांक 23 स्थित गायत्री विहार कॉलोनी एवं वार्ड क्रमांक 40 लक्ष्मीपुरा की बावड़ियों की साफ-सफाई कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान नगर निगम की टीम, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासियों ने श्रमदान कर अभियान में सहभागिता निभाई।अभियान में महापौर गीता अग्रवाल, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल तथा निगमायुक्त दलीप कुमार स्वयं मौजूद रहे। सुबह 8 बजे गायत्री विहार और सुबह 9 बजे लक्ष्मीपुरा स्थित बावड़ियों पर सफाई कार्य प्रारंभ किया गया। अभियान शुरू होने से पहले निगमायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को जलाशयों को स्वच्छ रखने तथा जल संचय का संकल्प दिलाया।महापौर गीता अग्रवाल ने कहा कि प्राचीन बावड़ियां केवल जल स्त्रोत नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर भी हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए इनका संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि कुएं, तालाब और बावड़ियों में गंदगी न फैलाएं तथा जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाएं।अभियान के दौरान लक्ष्मीपुरा स्थित प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण करते हुए महापौर ने संबंधित अधिकारियों को बावड़ी के जीर्णोद्धार एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बावड़ी के आसपास बारीक जाली लगाने तथा नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा, ताकि जल स्त्रोत सुरक्षित और स्वच्छ बने रहें।वहीं वार्ड क्रमांक 23 स्थित गार्डन का निरीक्षण कर वहां रखरखाव में पाई गई कमियों को जल्द दूर करने के निर्देश प्रभारी कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती को दिए गए। अभियान में निगम उपायुक्त आरती खेडेकर, स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, कार्यालय अधीक्षक रणजीतसिंह पंजाबी, स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार, भूषण पवार, हरेन्द्रसिंह ठाकुर, विकास सांगते, विशाल जगताप, शाहनवाज शेख सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

भौरासा पुलिस ने 48 घंटे में कार चोरी का खुलासा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

पुलिस को ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत एक सफलता हाथ लगी है। कार चोरी के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को मात्र 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर चोरी गई वैगनआर कार बरामद कर ली। जानकारी अनुसार 13 मई को फरियादी अर्जुन धाकड़ पिता विक्रम सिंह धाकड़ निवासी पीर पाडल्या थाना पिपलरावां ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी वैगनआर कार अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना भौरासा में अपराध क्रमांक 197/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।जांच के दौरान ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की सहायता से तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं एसडीओपी सोनकच्छ दीपा मांडवे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अनीता सिंह द्वारा टीम गठित की गई।पुलिस टीम ने तकनीकी जांच और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी केवल यादव पिता बने सिंह यादव उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम डकाच्या थाना भौरासा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से करीब 3 लाख रुपये कीमत की वैगनआर कार विधिवत बरामद की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनीता सिंह, सउनि रवि वर्मा, प्रधान आरक्षक ब्रजेन्द्र मालवीय, महेन्द्र राव, जितेन्द्र तोमर, आरक्षक भूपेन्द्र सिंह, मन्नूलाल एवं दीपक राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

खबर संक्षेप

देवरान में ग्रामसभा भूमि पर अवैध खनन का आरोप

ललितपुर। थाना बार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरान में ग्रामसभा की भूमि पर कथित रूप से अवैध खनन किए जाने का मामला सामने आया है। गांव के निवासी गौरव पुरोहित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि गांव के ही चंद्रपाल सिंह उर्फ बबुल राजा द्वारा ग्रामसभा की भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध खनन कराया जा रहा है। शिकायत पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि इस पूरे मामले में संबंधित विभाग के कुछ अधिकारियों की कथित मिलीभगत के चलते अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। शिकायतकर्ता का कहना है कि अवैध खनन से ग्रामसभा की भूमि को लगातार नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों द्वारा पूर्व में भी कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। गौरव पुरोहित ने आरोप लगाया कि शिकायत करने वाले ग्रामीणों को झूठे मुकदमों में फंसाने और डराने-धमकाने की बातें कही जाती हैं, जिससे गांव में भय का माहौल बना हुआ है और लोग खुलकर सामने आने से कतरा रहे हैं। शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि अवैध खनन से जुड़े वीडियो साक्ष्य भी उनके पास मौजूद हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए और ग्रामसभा की भूमि को अवैध खनन से मुक्त कराया जाए।

अपहृत नाबालिग को भोपाल से बरामद किया

विदिशा। ऑपरेशन मुस्कान के तहत करारिया पुलिस ने 17 वर्षीय अपहृत बालिका को भोपाल से बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी सुदामा सिंह ठाकुर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। 6 मार्च को मामला दर्ज किया गया। सायबर तकनीक से 16 मई को करोंद स्थित अस्सी फीट रोड से बालिका को बरामद किया गया। आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

शेष 194 किमी सड़कों की स्वीकृति के लिए केंद्रीय मंत्री को भेजा पत्र

विदिशा। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर विदिशा और गंजबासौदा क्षेत्र की सड़कों की स्वीकृति पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जिले की 236.69 किमी लंबी सभी सड़कों का प्रस्ताव पूर्व में जिला पंचायत की सामान्य सभा से सर्वसम्मति से पारित हो चुका है। साथ ही शेष तीन विधानसभाओं व चार जनपदों की 194.56 किमी सड़कों (लागत 145.92 करोड़ रुपए) को भी शीघ्र केंद्रीय मंजूरी देने का अनुरोध किया है।

कांग्रेस की बैठक में जमीनी मजबूती पर जोर

कुरवाई। विधानसभा स्तरीय बैठक में राजेश रघुवंशी ने संगठन सृजन अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि अब हर ब्लॉक व बूथ स्तर पर सक्रिय काम होगा। मोहित रघुवंशी ने स्पष्ट किया कि सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा, केवल भाषणबाजी नहीं चलेगी।

भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

भाजपा सरकार की उपलब्धियों को चित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी का ललितपुर जिले का जिला प्रशिक्षण वर्ग होटल आर्यन इन में आज प्रारंभ हो गया । सर्व प्रथम भारतीय जनता पार्टी के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री एम एल सी मां मानवेन्द्र सिंह फीता काट कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में भाजपा की यात्रा, भाजपा के देश प्रदेश के प्रेरणापुंज,जिले के पूर्ववर्ती जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा सरकार की उपलब्धियों को चित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इसके बाद वर्ग का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।सत्रह से अठारह मई दो दिन तक आयोजित होने बाले ।सत्रह मई से अठारह मई तक इस वर्ग में ग्यारह सत्रों का आयोजन प्रशिक्षण हेतु होगा ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में बंदे मातरम गायन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में वर्ग बिषयक प्रस्तावना रखते हुए जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि हम सब कार्यकर्ताओं को ज्ञात है कि हमारे यहां प्रशिक्षण देने की परम्परा इसलिए है ताकि समय समय पर हम पार्टी की रीतियों नीतियों से परिचित होते रहें। प्रथम सत्र की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन बरिष्ठ नेता बब्बू राजा बुन्देला ने किया।मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह जी ने प्रथम सत्र में कार्य विस्तार एवं चुनाव प्रबंधन योजना बिषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि हमारे ज्यादातर कार्यकर्ता हमारी रीतियों, नीतियों से परिचित हैं लेकिन जिस तरह किसी अच्छी पुस्तक को बहुत समय तक नहीं पढ़े जाने पर हमें कुछ विस्मृत हो जाता है और हमें पुनः पढना पड़ता है । इसी तरह हम प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से अपनी रीतियों नीतियों को पुनः दोहराते हैं। प्रशिक्षण हमें अनुशासन सिखाता है।हमारा कार्य विस्तार सिर्फ संगठन के लिये नहीं अपितु राष्ट्रीय चेतना के लिए है। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष हरीराम निरंजन ने की एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष रुचिका बुन्देला ने किया।इस सत्र के मुख्य वक्ता वर्ग प्रभारी पं संजीव श्रंगिऋषि ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर रखते हुए कहा कि जिस प्रकार सेनायें विना युद्ध के भी युद्धाभ्यास में लगीं रहतीं हैं इसी तरह भारतीय जनता पार्टी का संगठन भी हर समय चुनाव की तैयारियों में लगा रहता है जिसके लिए बूथ प्रबंधन बहुत जरूरी है और प्रधानमंत्री मोदी भी मन की बात के माध्यम से देश के विकास की बातें रखते रहते हैं । तृतीय सत्र की अध्यक्षता बुंदेलखंड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे ने की एवं संचालन जिला महामंत्री गौरव गौतम ने किया, इस अवसर पर जल संसाधन राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने भाजपा के इतिहास एवं विकास पर अपनी विचार रखें उन्होंने कहा कि हम लोगों ने अपने यात्रा 1952 से जनसंघ से प्रारंभ की ।शुरुआत में केवल हमारे तीन सांसद जीतकर आए थे लेकिन 1999 में हमने भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की बहुमत की सरकार बनाई। 2014 में नरेंद्र मोदी जी ने प्रचंड बहुमत की सरकार बनाई है हम लोग निरंतर नीतियों पर चर्चा करते हुए उसमें लगातार सुधार लाने का प्रयास करते हैं ।

चतुर्थ सत्र की अध्यक्षता जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रमेश कुमार लोधी ने की एवं संचालन जिला महामंत्री हरिराम लोधी एड ने किया मुख्य अतिथि के रूप में झांसी महानगर की पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप सरावगी उपस्थित रहे । उन्होंने कहा कि हम लोगों की पार्टी विचारधारा पर आधारित पार्टी है । उन्होंने कहा कि हम लोगों की विचारधारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्मक मानववाद एवं अन्त्योदय पर चलने की है। उसी के अनुरूप हमारी सरकारे सामाज के अंतिम सीडी तक खड़े आम आदमी के जीवन में विकाश की रोशनी ले जाने की पक्षधर है। पंचम सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड ने की एवं संचालन जिला मंत्री ध्रुव सिंह सिसौदिया ने किया।इस सत्र के मुख्य अतिथि के रुप में हमीरपुर के जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने भारतीय जनता पार्टी की कार्यपद्धति बिषय पर अपने विचार रखे।यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष प हरिश्चन्द्र रावत एवं बरिष्ठ नेता वर्ग प्रभारी बब्बू राजा बुंदेला के निर्देशन में सम्पन्न हो रहा है।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह, जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, संगठन वर्ग प्रमुख संजीव श्रंगिऋषि,श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन,वर्ग प्रभारी बब्बू राजा बुंदेला, बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सोनाली विवेक जैन, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा,पूर्व जिला अध्यक्ष गण प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन आदि मौजूद रहे।

बुंविसेना का 2 घंटे मौन सत्याग्रह

अघोषित विद्युत कटौती से नारकीय जीवन जीने को मजबूरः कपूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

स्थानीय कम्पनी बाग में बुंदेलखंड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में ललितपुर शहर की बिगड़ी हुई विद्युत व्यवस्था के विरोध में 2 घंटे का मौन सत्याग्रह किया । इस दौरान ललितपुर शहर में बिगड़ी हुई विद्युत व्यवस्था पर जनता के लाखों वोटों से जीते हुए जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। बु. वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में बार बार होने वाली अघोषित कटौती तथा विद्युत उपकरणों, ट्रान्सफार्मरों और तारों के उचित रखरखाव की कमी के कारण जनता कीड़े मकोड़े की तरह नारकीय जीवन जीने को विवश है। उन्होंने कहा कि इससे ज्यादा तो चिन्ता की बात यह है कि जनता के लाखों वोटों से जीतने वाले जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या के लिए चुप्पी साध रखी है। इन सब बातों से प्रदेश सरकार की साख को बट्टा लग रहा है । इसका असर आगामी विधानसभा चुनाव में पड़ सकता है। बु.वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने जनप्रतिनिधियों से अपील की है वे जनता के प्रति अपने कर्तव्यों का उचित तरीके से निर्वहन करें। और विद्युत व्यवस्था में सुधार लाने के लिए उच्च अधिकारियों को निर्देशित करें। सत्याग्रह के दौरान अमर सिंह बुन्देला,फईम शबनम, खुशाल बरार,संजू राजा,भैयन कुशवाहा, नन्दराम कुशवाहा, सुरेश झा, कामता प्रसाद भट्ट, बलराम चौहान,सुजीत धानुक,प्रमोद धानुक, आशाराम नगेले, रामप्रकाश झा, कदीर खां, टिंकू सोनी,पंकज रैकवार, हरदेव पटेल,रामू साहू,ऊदल सिंह,सतीष अहिरवार, रामराजा, राजेन्द्र,पवन झा आदि मौजद रहे।

> जनप्रतिनिधियों से अपील की है वे कर्तव्यों का उचित निर्वहन करें

मां कात्यायनी माता मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

महिलाएं व युवतियां सिर पर मंगल कलश धारण कर कलश यात्रा में भक्ति गीत गाते शामिल हुईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर के नेहरू नगर स्थित रेलवे अस्पताल के पीछे गली नंबर पांच में विराजमान मां कात्यायनी माता मंदिर में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ हुआ। कथा का आयोजन मुख्य यजमान प्रेमलता एवं अच्छेलाल के सहयोग से किया जा रहा है। निकाली गई कलश यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सबसे आगे डीजे पर भक्तिमय गीत बजते रहे, जिनकी धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए चल रहे थे। वहीं महिलाएं एवं युवतियां सिर पर मंगल कलश धारण कर भक्ति गीत गाते हुए यात्रा में शामिल हुईं। मुख्य यजमान प्रेमलता एवं अच्छेलाल श्रीमद् भागवत पुराण को सिर पर धारण कर यात्रा में सम्मिलित रहे। कलश यात्रा मां कात्यायनी माता मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न प्रमुख स्थानों से होती हुई पुनः कथा स्थल पहुंची। यहां प्रशांत कृष्ण महाराज ने श्रीमद् भागवत पुराण की पूजा-अर्चना कराई तथा आरती संपन्न कराई। प्रथम दिवस की कथा में महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा भक्त और भगवान के मिलन का सर्वोत्तम माध्यम है।

नेहरू महाविद्यालय में कांग्रेस का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह संपन्न

संगठन विस्तार के साथ सरकार की नीतियों पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रविवार को नेहरू महाविद्यालय स्थित तुलसी सभागार में जिला, नगर, ब्लॉक एवं बूथ कमेटियों के नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री प्रदीप जैन आदित्य उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी मुकुट सिंह एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशिभूषण सिंह बुंदेला मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने की। पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए महंगाई, स्मार्ट मीटर, पेट्रोल-डीजल, एलपीजी और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा। जिला प्रभारी मुकुट सिंह ने कहा कि जनता वर्तमान नीतियों से परेशान है और बदलाव चाहती है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशिभूषण सिंह बुंदेला ने छात्रों से जुड़े मुद्दों और पेपर लीक जैसे मामलों को उठाया। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि आगामी विधानसभा एवं पंचायत चुनाव को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है और सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी को मजबूत करने का कार्य करें।

मनरेगा बचाओ संघर्ष समिति के जिला प्रभारी जसपाल सिंह बंटी ने कहा कि कार्यकर्ता और पदाधिकारी गांव-गांव जाकर कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों से लोगों को अवगत करायें, जिससे कि लोगों को उनके अधिकार समझ आयें और वह अपने अधिकारों का सही उपयोग कर सकें। समारोह में राकेश रजक, रामनरेश दुबे, पंकज हुण्डैत, शशिकांत दीक्षित, आशाराम तिवारी, राजपाल सिंह ठाकुर, विनोद अवस्थी, नाती राजा जाखलौन, पूजा सेन, रामदेवी विश्वकर्मा, अमित सिंह बुंदेला, राकेश सेन, राकेश रजक, साहब सिंह, बृजेश शांडिल, राजा रविंद्र सिंह, दीपक रैकवार, सुशील रजक, दीपक जैन, संजय जैन, राम भरोसे, संतोष राय, मुन्नालाल, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद आसिफ, राजीव शर्मा, गोकुल प्रसाद नामदेव, लक्ष्मी चंदेल, हीरालाल सेन, जाहरसिंह बघेल, कपूर सहरिया, रामदास, श्याम सुंदर सिरोठिया, परमानंद पाठक, पुष्पेंद्र सिंह सहित जिले भर से आए सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्रीसिंह वाहिनी माता मंदिर पतरुआ धाम में आयोजन

श्रद्धा के साथ सुंदरकांड पाठ व भजन-कीर्तन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर के मोहल्ला सिद्धनपुरा वार्ड नंबर-1 स्थित श्री श्री 1008 श्री सिंह वाहिनी माता मंदिर, हनुमान मंदिर एवं शिव मंदिर पतरुआ धाम में रविवार को धार्मिक आस्था और भक्ति का माहौल देखने को मिला। यहां श्रीसिंह वाहिनी संकीर्तन मंडली द्वारा भव्य सुंदरकांड पाठ एवं भजन-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के पुजारी बाबा प्राणकिशन दास जी महाराज द्वारा विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन कराई गई। पूजन के उपरांत श्रीसिंह वाहिनी संकीर्तन मंडली ने भगवान का आवाहन करते हुए श्रद्धा और भक्ति के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा।

आपसी समझौते से लौटी आई रिश्तों में मिठास

प्रोजेक्ट नई किरण के तहत तीन परिवारों का पुनर्मिलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस लाइन में रविवार को पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नई किरण टीम के सदस्यों ने पारिवारिक विवादों से जुड़े मामलों में दोनों पक्षों को समझाकर आपसी सुलह कराई, जिसके परिणामस्वरूप 3 परिवारों का सफलतापूर्वक पुनर्मिलन कराया गया। समझौते के बाद सभी परिवार खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर रिश्तों में मिठास और विश्वास का संदेश दिया। वहीं 4 अन्य मामलों में सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई। पुलिस विभाग द्वारा संचालित नई किरण प्रोजेक्ट का उद्देश्य पारिवारिक विवादों से बिखरते रिश्तों को जोडऩा और दांपत्य जीवन में नई उम्मीद एवं विश्वास कायम करना है। इस पहल के माध्यम से जनपद में टूटते परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान अजय बरया, डा.एस.पी. पाठक, सुधा कुशवाहा, डा.संजीव कुमार शर्मा, सुभाष जैन, अरमान कुरैशी सहित महिला थाना प्रभारी अनीता देवी, महिला आरक्षी सिमरन एवं रिक्रूट

प्रेस क्लब में पं. गोपीकृष्ण तिवारी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

पत्रकार अशोक की माता के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

प्रेस क्लब के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय अमर शहीद पत्रकार भवन में प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष स्व.पं. गोपीकृष्ण तिवारी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसी अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार पं.अशोक गोस्वामी की पूज्य माताजी के आकस्मिक निधन पर भी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले (सप्पू) ने की। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के संरक्षक मंडल, पदाधिकारी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों ने स्व.पं. गोपीकृष्ण तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वरिष्ठ पत्रकार अशोक गोस्वामी की माताजी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया गया। उपस्थित सभी पत्रकारों एवं सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले (सप्पू) ने कहा कि पं. गोपीकृष्ण तिवारी ने अपना पूरा जीवन निष्पक्ष, निर्भीक और जनसरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता को समर्पित किया। जनपद के विकास और समाजहित में उनकी लेखनी सदैव याद रखी जाएगी। उन्होंने अशोक गोस्वामी की माता को धार्मिक, संस्कारी एवं कर्तव्यनिष्ठ महिला बताते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। वरिष्ठ पत्रकार पं.सुनील शर्मा, हरीशंकर अहिरवार, पं.धर्मेंद्र कृष्ण तिवारी, अजय प्रताप सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

कीर्तिशेष हीरालाल जैन व डॉ सुरेश जैन खजुरिया की स्मृति में स्वास्थ्य शिविर लगाया

150 मरीजों की जांच कर परामर्श व सावधानियां बताईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति ललितपुर,जैन एम्बुलेंस सेवा समिति एवं अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के संयुक्त तत्वावधान में कीर्तिशेष हीरालाल जैन खजुरिया एवं कीर्तिशेष डॉ सुरेश जैन खजुरिया की स्मृति में विशाल निशुल्क कैंप का आयोजन शहर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अटा मंदिर परिसर में संपन्न हुआ।कैंप में लगभग 150 मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

शिविर में इटऊ जांच के माध्यम से हड्डियों की मजबूती एवं शरीर में कैल्शियम की स्थिति की जांच की गई, वहीं न्यूरोपैथी जांच द्वारा नसों की संवेदनशीलता एवं डायविटिक न्यूरोपैथी संबंधी समस्याओं का परीक्षण किया गया। जांच उपरांत उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श एवं सावधानियों की जानकारी भी प्रदान की गई। इस दौरान जैन पंचायत ललितपुर के अध्यक्ष डॉ अक्षय जैन टडैया,जैन पंचायत समिति के संयोजक सनत जैन खजुरिया,प्रबंधक अटा जैन मंदिर अजय जैन, मनोज जैन बबीना, अमित जैन, मनीष जैन, बाहुबलि जैन खजुरिया, मनोज जैन खजुरिया, डॉ सुनील खजुरिया, जैन एम्बुलेंस सेवा समिति के अध्यक्ष अंकित जैन, मंत्री सौरभ जैन, सुमित जैन खजुरिया,वैद्य महेन्द्र जैन, प्रकाश जैन, अंकित जैन, मनीष जैन, अशोक जैन, अनूप जैन मोदी, एड अम्बर जैन, असीम खजुरिया अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के अध्यक्ष विजय कुमार जैन, मंत्री राजकुमार जैन सराफ, महिपाल जैन कड़की, सर्वज्ञ जैन, सुरेन्द्र सिंघई, मयंक जैन, गौरव जैन, अनुज जैन, संजीव जैन, कुमार नुना आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर को सफल बनाने में डॉ सत्येंद्र जैन, रामजी सोनी, नीरज राजपूत, प्रियंका गुप्ता, सुम्मेर निरंजन का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने समिति द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाजहित एवं जनसेवा की भावना को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

कृषि रथ अभियान का शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया

किसानों का जागरुक कर आधुनिक तकनीकि बताएगा रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

कृषि रथ अभियान का शुभारंभ शनिवार को किया गया। उक्त कृषि रथ का संचालन आगामी 10 दिवस तक जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं ग्राम पंचायतों में किया जाएगा।

कृषि रथ को जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजगढ़, निधि भारद्वाज, उपसंचालक कृषि सचिन जैन एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में समस्त जनप्रतिनिधिगण, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, आत्मा परियोजना, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

कृषि रथ के माध्यम से जिले की ग्राम पंचायतों में पहुंचकर कृषकों को ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण, संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, कीट एवं रोग प्रबंधन, नरवाई प्रबंधन, फसल विविधीकरण, कृषि को लाभकारी बनाने के उपाय एवं कृषि विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी।साथ ही प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना सहित शासन की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कृषि रथ में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं कृषि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी प्रतिदिन उपस्थित रहकर कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कृषि रथ प्रतिदिन लगभग 4 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगा तथा कृषकों से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों एवं योजनाओं से लाभान्वित करेगा।

हम्मालों की कमी से गेहूं की खरीदी हुई प्रभावित, किसानों ने किया चक्काजाम

राजगढ़। पचोर मार्केटिंग सोसायटी द्वारा संचालित गेंहू उपार्जन केंद्र पर हम्मालों की कमी के चलते खरीदी कार्य प्रभावित होने से किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खरीदी में हो रही देरी से नाराज किसानों ने विरोध स्वरूप चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर तहसीलदार पचोर, तहसीलदार ब्यावरा, नायब तहसीलदार खुजनेर एवं पुलिस प्रशासन की टीम पहुंची। अधिकारियों द्वारा किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा उचित समझाइश देकर चक्का जाम समाप्त कराया गया। प्रशासन की पहल के बाद उपार्जन केंद्र पर पुनः गेंहू खरीदी कार्य प्रारंभ कराया गया।अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि खरीदी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

स्वयंसेवी संस्थाओं की एक दिवसीय बैठक आयोजित

जल संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर दिया गया जोर

राजगढ़। मप्र जन अभियान परिषद के तत्वाधान में समृद्धि योजना अंतर्गत स्वयंसेवी संस्थाओं की एक दिवसीय बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभागृह में किया गया। बैठक में जन अभियान परिषद की नवांकुर योजना अंतर्गत कार्यरत 30 संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित जिले के विभिन्न विभागों के कार्यक्रम संचालित करने वाली संस्थाएं एवं स्वैच्छिक संस्थाएं उपस्थित रहीं। बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने उपस्थित संस्था प्रमुखों को संबोधित करते हुए जल संरक्षण हेतु संचालित ह्वजल गंगा संवर्धन अभियानह्व में सक्रिय सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने पर विशेष बल देते हुए कहा कि गांव स्तर पर किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभों एवं रासायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभावों और बीमारियों के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है।कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत प्लास्टिक प्रबंधन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया तथा संस्थाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा भी संस्थाओं के कार्यों की जानकारी ली गई तथा उनके प्रयासों की समीक्षा की गई। जिला समन्वयक श्री प्रवीण सिंह पवार द्वारा जिले की विभिन्न संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया एवं आगामी त्रैमासिक कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में जिले के समस्त विकासखंड समन्वयक भी उपस्थित रहे।

सुनील बने चंद्रवंशी खाती समाज युवा संगठन के जिला अध्यक्ष

कुरावर। मूर्ति श्री जगदीश मंदिर पंच खतियान परमार्थिक ट्रस्ट के अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर चौधरी एवं युवा संगठन अध्यक्ष लड्डूमल चौधरी की अनुशंसा पर ग्राम माना वाले निवासी सुनील पटेल को युवा संगठन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर समाज बंधुओं द्वारा सुनील पटेल का हार-फूल मालाओं एवं मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया गया। समाज के लोगों और युवाओं में उत्साह एवं खुशी का माहौल देखने को मिला। समाजजनों ने कहा कि सुनील पटेल लंबे समय से संगठनात्मक कार्यों के साथ धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनके नेतृत्व में समाज के युवाओं को नई दिशा और सामाजिक गतिविधियों में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। नियुक्ति पर समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा।

मार्गदर्शन व परिश्रम से मिलती है सफलता: विजयवर्गीय

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ के वाणिज्य विभाग द्वारा वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों हेतु ह्ववाणिज्य में विद्यार्थियों के लिए करियर के विविध अवसर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारीह्व विषय पर एक प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक करि\यर मार्गदर्शन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी. बी. खरे के मार्गदर्शन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वाणिज्य के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए करियर निर्माण एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं रूपरेखा वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. प्रकाश कुमार अहिरवार द्वारा प्रस्तुत की गई।इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. खरे द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वर्तमान प्रति स्पर्धात्मक युग में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल डिग्री ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन, समय प्रबंधन एवं सतत अध्ययन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर सकारात्मक सोच एवं निरंतर परिश्रम के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. राजेन्द्र कुमार विजयवर्गीय प्राध्यापक वाणिज्य,प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर हमीदिया महाविद्यालय भोपाल ने ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थियों को वाणिज्य क्षेत्र में उपलब्ध विविध करियर संभावनाओं के संबंध में विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बैंकिंग, बीमा, वित्तीय सेवाएं, चार्टर्ड अकाउंटेंसी, कंपनी सेक्रेटरी, एमबीए, प्रशासनिक सेवाएं एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास एवं नियमित अध्ययन के महत्व को विभिन्न प्रेरणादायी उदाहरणों के माध्यम से समझाया।

साथ ही डॉ. विजयवर्गीय ने अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा राजगढ़ में हुई तथा उच्च शिक्षा शासकीय महाविद्यालय राजगढ़ में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थी भी यदि दृढ़ संकल्प, अनुशासन एवं सही दिशा में प्रयास करें तो वे उच्च प्रशासनिक एवं प्रतिष्ठित पदों तक पहुँच सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनके मार्गदर्शन में अनेक विद्यार्थी विभिन्न प्रशासनिक सेवाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर चयनित होकर सफलता प्राप्त कर चुके हैं।

कस्बा भ्रमण पर निकली पुलिस

अतिक्रमणकारियों और वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई

सारंगपुर। शुक्रवार को सारंगपुर पुलिस पूरे दिन अलर्ट मोड पर नजर आई। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने अपनी पुलिस टीम के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कस्बा भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस बल ने मुख्य बाजार, बस स्टैंड क्षेत्र एवं संकरी गलियों में पैदल मार्च कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया तथा आमजन में सुरक्षा का भरोसा जगाया। कस्बा भ्रमण के दौरान सड़क पर अतिक्रमण कर दुकानों का सामान आगे तक फैलाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 34 पुलिस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए। पुलिस ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क पर अतिक्रमण से यातायात बाधित होता है और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर और कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट वाहन चलाने, गलत तरीके से वाहन खड़े करने और दस्तावेज अधूरे पाए जाने पर चालान बनाए गए। पुलिस की कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति रही।

थाना बोडा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

चोरी के 4 आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल व घटना में प्रयुक्त की गई दो बाइक सहित मशरूका जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ा

राजगढ़ जिले में चोरी, नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार तोलानी (भा.पु.से.) द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में थाना बोडा पुलिस टीम द्वारा चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल सहित कुल 2,13,300/- का मशरूका जप्त किया गया। दिनांक 15.05.2026 को फरियादी बंशीलाल पिता मांगीलाल प्रजापति उम्र 50 वर्ष निवासी गुराडिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 11.05.2026 को दोपहर करीब 04 बजे अज्ञात व्यक्ति उसका रेडमी कंपनी का मोबाइल चोरी कर ले गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बोडा में अपराध क्रमांक 151/2026 धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस कार्यवाही

मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की पतारसी हेतु विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं साइबर सेल की सहायता से संदिग्धों की पहचान कर दानिश मंसूरी, विकास कुशवाह, रियाज अंसारी एवं सलमान अंसारी से बारीकी से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने घटना करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया रेडमी मोबाइल कीमती 13,300/- तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे एवं स्प्लेंडर मोटरसाइकिल कीमती 2,00,000/- जप्त की गई। 1. दानिश पिता मुबारिक मंसूरी उम्र 21 वर्ष निवासी कुरावर 2. विकास पिता बलराम कुशवाह उम्र 19 वर्ष निवासी कुरावर 3. रियाज पिता समंद अंसारी उम्र 19 वर्ष निवासी कुरावर 4. सलमान पिता जाफर अंसारी उम्र 25 वर्ष निवासी कुरावर रेडमी कंपनी का मोबाइल ह्न 13,300/- अपाचे मोटरसाइकिल स्प्लेंडर मोटरसाइकिल आदि सामान बरामद किया गया।

नीट परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

सारंगपुर। नीट परीक्षा में सामने आ रही अनियमितताओं, पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली की खामियों को लेकर म.प्र. युवा कांग्रेस कमेटी सारंगपुर द्वारा शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार सोनू गुप्ता को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग की गई। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश की सबसे महत्वपूर्ण मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में लगातार सामने आ रही गड़बड़ियों के कारण लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। छात्रों और अभिभावकों के मन में परीक्षा व्यवस्था को लेकर अविश्वास की स्थिति बन रही है, जिससे मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के साथ अन्याय हो रहा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि परीक्षा में पेपर लीक एवं भ्रष्टाचार जैसी घटनाओं ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए मजबूत व्यवस्था लागू की जाए। युवा कांग्रेस ने अपनी प्रमुख मांगों में परीक्षा प्रणाली को पूर्णतः पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाने, विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करने तथा दोषियों को सख्त सजा देने की बात कही। इस दौरान पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय,शहर अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी आदि मौजूद थे।

भड़काऊ बयानबाजी के विरोध में हिंदू संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

कुरावर। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कलेक्टर महोदय के नाम नायब तहसीलदार कुरावर को ज्ञापन सौंपकर भड़काऊ बयानबाजी करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि पिछले दिनों सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने, धार्मिक भावनाओं को आहत करने तथा आपत्तिजनक बयान देने की घटना सामने आई थी। संगठनों का आरोप है कि घटना के बाद मोहसिन अली खान द्वारा भीड़ एकत्रित कर बजरंग दल, आरएसएस एवं अन्य सामाजिक संगठनों के खिलाफ अभद्र और अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया गया। संगठनों ने यह भी आरोप लगाया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के खिलाफ भी आपत्तिजनक नारे लगाए गए, जिनके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की कि दोषियों के खिलाफ शीघ्र एवं सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो हिंदू समाज लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने को विवश होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

गणिवर्य श्री कीर्तिरत्नसागरजी म.सा. का नगर में मंगल प्रवेश

मानव जीवन की महत्ता पर प्रवचन सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

सारंगपुर। परम पूज्य गणिवर्य श्री कीर्तिरत्नसागरजी म.सा. आदि ठाणा-4 का मंगलवार को धर्मनगरी सारंगपुर में मंगलमय प्रवेश हुआ। पूज्य गुरुभगवंत के नगर आगमन के साथ ही पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन दर्शन-वंदन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे। इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव ने प्रेरणादायी प्रवचन देते हुए मानव जीवन की महत्ता को सरल एवं प्रभावशाली शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन केवल भोग-विलास और संग्रह के लिए नहीं, बल्कि आत्मकल्याण, धर्म आराधना एवं सदाचार के पालन के लिए मिला अमूल्य अवसर है। मनुष्य जन्म अत्यंत दुर्लभ है और यदि यह धर्म, संयम एवं संस्कारों से जुड़ जाए तो जीवन सार्थक बन जाता है। गुरुदेव ने श्रद्धालुओं से जीवन में आत्मचिंतन, सेवा और धर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। प्रवचन के दौरान उपस्थित श्रद्धालु गुरुवाणी सुन भावविभोर हो उठे। गुरुदेव के प्रेरक वचनों ने सभी के अंतर्मन को स्पर्श किया और पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया।

शनिश्चरी अमावस्या और शनि जयंती के दुर्लभ संयोग पर उमड़ा आस्था का सैलाब

कपिलेश्वर घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया स्नान-दान

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

शनिवार को शनिश्चरी अमावस्या और शनि जयंती के दुर्लभ महासंयोग पर धर्मनगरी सारंगपुर में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। करीब 13 वर्षों बाद बने इस विशेष संयोग के चलते सुबह से ही कपिलेश्वर तीर्थ घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु स्नान, दान-पुण्य और भगवान कपिलेश्वर के दर्शन के लिए पहुंचे। सूर्योदय के साथ ही कपिल तीर्थ घाट पर धार्मिक गतिविधियां शुरू हो गईं। श्रद्धालुओं ने कालीसिंध नदी स्थित कपिलेश्वर घाट पर स्नान कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। स्नान के बाद भक्तों ने भगवान कपिलेश्वर के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कई श्रद्धालु गौशाला भी पहुंचे, जहां उन्होंने गौसेवा कर दान-पुण्य किया।

श्रद्धालु सुनील विजयवर्गीय, ओम पुष्पद और राजेश बंसल ने बताया कि शनिश्चरी अमावस्या और शनि जयंती का यह दुर्लभ संयोग अत्यंत शुभ माना जाता है। इसी कारण बड़ी संख्या में लोगों ने तीर्थ स्नान और पूजा-अर्चना कर धार्मिक लाभ प्राप्त किया।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शनिश्चरी अमावस्या और शनि जयंती का एक ही दिन पड़ना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। इस अवसर पर महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। घाटों पर सुबह से

देर शाम तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरे दिन सतर्क रहा। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस बल ने यातायात व्यवस्था संभाली और घाट क्षेत्र सहित प्रमुख मार्गों पर लगातार निगरानी रखकर व्यवस्था बनाए रखी।

ज्येष्ठ पुरुषोत्तम मास 17 मई से 15 जून तक, श्री जी के बड़े मंदिर में मनेंगे सालभर के उत्सव

नरसिंहगढ़। नगर स्थित श्री गोवर्धननाथ जी की हवेली श्री जी का बड़ा मंदिर में 17 मई से पवित्र ज्येष्ठ अधिक पुरुषोत्तम मास उत्सव का शुभारंभ होने जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 15 जून तक श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में आयोजित किया जाएगा। मंदिर के मुखिया मोहित भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरुषोत्तम मास के इस विशेष अवसर पर वर्षभर में आने वाले प्रमुख उत्सव और पर्व एक ही माह में ठाकुर जी के लिए विधिवत मनाए जाएंगे। आयोजन के दौरान रथ यात्रा, होली उत्सव, जन्माष्टमी, नंदोत्सव सहित अनेक पारंपरिक धार्मिक आयोजन श्रद्धाभाव के साथ संपन्न होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 12 बजे राजभोग के समय श्री ठाकुर जी का विशेष तिलक होगा। वहीं प्रतिदिन शाम 6 बजे पुरुषोत्तम मास की कथा आयोजित की जाएगी। इसके अलावा रात्रि 7:30 बजे से प्रतिदिन अलग-अलग मनोरथों के दर्शन श्रद्धालुओं को कराए जाएंगे, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्ति और उत्सवमय वातावरण से सराबोर रहेगा। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से परिवार एवं इष्ट मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर दर्शन एवं धार्मिक आयोजनों का लाभ लेने की अपील की है।